# दिनांक—08.01.2025 को अपर मुख्य सचिव, ग्रामीण कार्य विभाग की अध्यक्षता में विभाग अन्तर्गत क्रियान्वित योजनाओं की समीक्षात्मक बैठक की कार्यवाही:—

**उपस्थिति:—**

1. श्री भगवत राम, अभियंता प्रमुख—सह—अपर आयुक्त—सह—विशेष सचिव
2. श्री उज्ज्वल कुमार सिंह, विशेष सचिव, ग्रामीण कार्य विभाग
3. श्री निर्मल कुमार, मुख्य अभियंता—1, ग्रामीण कार्य विभाग
4. श्री सुधीर कुमार, मुख्य अभियंता—4, ग्रामीण कार्य विभाग
5. श्री मनोज कुमार, अपर सचिव, ग्रामीण कार्य विभाग
6. श्री संजय कुमार, संयुक्त सचिव, ग्रामीण कार्य विभाग
7. श्री समीर कुमार, नोडल पदाधिकारी, एम0एम0जी0एस0यु0वाई0
8. श्री गोपाल कृष्ण ठाकुर, नोडल पदाधिकारी, एम0आर0
9. श्री अशोक कुमार, कार्यपालक अभियंता
10. श्री अजीत कुमार, नोडल पदाधिकारी, एम0एम0जी0एस0वाई0
11. श्री बरूण कुमार, नोडल पदाधिकारी, मुख्यमंत्री ग्रामीण सेतु योजना

**बैठक के मुख्य बिन्दु:—**

**1.** ग्रामीण कार्य विभाग अन्तर्गत सभी क्रियान्वित योजना की समीक्षा प्रत्येक सप्ताह के सोमवार को निम्नांकित बिन्दुओं पर की जाय।

**(a)** सभी एकरारित योजना के Physical एवं Financial Progress की प्रगति।

**(b)** सभी स्वीकृत योजनाओं का वस्तुस्थिति यथा NIT का प्रकाशन, निविदा निष्पादन की अद्यतन स्थिति।

**(c)** स्वीकृति दी जाने वाली योजनाओं को डी0पी0आर0 की अद्यतन स्थिति।

**उक्त बिन्दुओं के आलोक में MIS पर उपलब्ध आकड़ों के आधार पर समीक्षा की जायेगी। MIS Portal को Update एवं शुद्ध करना सुनिश्चित किया जाय।**

(अनुपालनः—सभी नोडल)

**2.** समीक्षा के आधार पर ऐसे कार्य प्रमंडल जहाँ कार्यों की प्रगति धीमी है, ऐसे कार्य प्रमंडल अन्तर्गत योजनाओं की विस्तृत समीक्षा हेतु मुख्यालय स्तर से टीम का गठन कर संबंधित कार्य प्रमंडल में भेजा जाय। संबंधित टीम आसपास के भी कार्य प्रमंडल जिसकी प्रगति धीमी है उसकी भी समीक्षा करेंगे।

(अनुपालनः—सभी नोडल)

**3.** MIS पोर्टल पर क्रियान्वित सभी योजनाओं की भौतिक एवं वित्तीय प्रगति की समीक्षा साप्ताहिक अन्तराल में की जायेगी। यदि 1 सप्ताह तक किसी कार्य की प्रगति परिलक्षित नहीं होती है तो संबंधित योजना के संवेदक के साथ कार्यपालक अभियंता समीक्षा करेंगे। यदि लगातार 2 सप्ताह के अन्तराल में किसी योजना में प्रगति परिलक्षित नहीं होती हैं तो संबंधित अधीक्षण अभियंता, संबंधित संवेदक के साथ बैठक पर कार्य की प्रगति हेतु समीक्षा करेंगे। यदि लगातार 3 सप्ताह के

अन्तराल में किसी योजना में प्रगति परिलक्षित नहीं होती हैं तो संबंधित मुख्य अभियंता उन योजनाओं की समीक्षा करेंगे।

(अनुपालनः—संबंधित मुख्य अभियंता, अधीक्षण अभियंता एवं कार्यपालक अभियंता)

**4.** MIS पर यदि 1 सप्ताह के अन्तराल में कार्य की प्रगति परिलक्षित नहीं पाई जाती है तो उसे Yellow Flagging, 2 सप्ताह के अन्तराल में कार्य की प्रगति परिलक्षित नहीं पाई जाती है तो उसे Orange Flagging एवं 3 सप्ताह के अन्तराल में कार्य की प्रगति परिलक्षित नहीं पाई जाती है तो उसे Red Flagging से High Light किया जाय।

(अनुपालनः—नोडल एवं MIS कोषांग)

**5.** एम0एम0जी0एस0वाई0 (अवशेष) योजना के सफल क्रियान्वयन हेतु संशोधित संलेख संचिका उपस्थापित किया जाय।

(अनुपालनः—नोडल MMGSY)

**6.** वर्ष 2023—24 में स्वीकृत सभी योजनान्तर्गत लंबित निविदाओं का शीघ्र निष्पादन किया जाय।

(अनुपालनः—सभी नोडल)

**7.** समीक्षा के क्रम में पाया गया कि MMGSUY योजनान्तर्गत डी0पी0आर0 परामर्शी यथा Designilla Private Limited, Highway Engineering Magnitude Consortium, Matashree Computer Zone, Medida Laboratories and Engineering Consultant Pri., Namonarayan Consultants Pvt. Ltd एवं Subudhi Technoengineers Pvt. Ltd. की प्रगति असंतोषजनक है। अतः इन परामर्शी को MMGSY/मुख्यमंत्री ग्रामीण सेतु योजना के डी0पी0आर0 कार्यों से मुक्त रखे एवं दूसरे परामर्शी से डी0पी0आर0 जल्द से जल्द तैयार कराया जाय।

(अनुपालनः— नोडल MMGSUY/MMGSY/MGSY)

**8.** पथ एवं पुलों के डी0पी0आर0 परामर्शी के Empanelment हेतु पुनः RFP Float किया जाय।

(अनुपालनः— नोडल PMGSY)

**9.** विभिन्न योजनान्तर्गत जो कार्य आवंटित हो चुके है उनमें प्रगति हेतु योजनावार एकरारित राशि का 20 प्रतिशत आंवटन सभी योजनाओं में उपलब्ध कराया जाय।

(अनुपालनः—सभी नोडल पदाधिकारी)

**सधन्यवाद बैठक की कार्यवाही समाप्त की गयी।**

9/1/25

(दीपक कुमार सिंह)
अपर मुख्य सचिव

ज्ञापांकः—मु0अ0 (नि0 एवं गु0 नि0) विविध कार्य—06—153/2024/02/पटना/दिनांकः— 10/1/2025

E-mail

प्रतिलिपिः—अपर मुख्य सचिव के आप्त सचिव/ विशेष सचिव के आप्त सचिव/अभियंता प्रमुख—सह—अपर आयुक्त—सह—विशेष सचिव के आप्त सचिव/अपर सचिव के आप्त सचिव/ संयुक्त सचिव के आशुलिपिक/सभी मुख्य अभियंता/श्री अशोक कुमार, कार्यपालक अभियंता/सभी नोडल पदाधिकारी/सभी अधीक्षण अभियंता/सभी कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु समर्पित।

Priya Rajput 9/1/2025

(प्रिया राजपूत)
अपर मुख्य सचिव के
विशेष कार्य पदाधिकारी

ज्ञापांकः–मु0अ0 (नि0 एवं गु0 नि0) विविध कार्य–06–153 / 2024/02/[illegible] पटना / दिनांकः–10/1/2025

प्रतिलिपिः–आई0 टी0 मैनेजर, ग्रामीण कार्य विभाग, बिहार, पटना को आवश्यक कार्रवाई एवं सूचनार्थ प्रेषित।

Priya Rajput
9/1/2025

(प्रिया राजपूत)
अपर मुख्य सचिव के
विशेष कार्य पदाधिकारी